**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**
**पत्रांक– 2301 / 11–सी–FP/UP/Trans/41830/2019, लखनऊ, दिनांकः जनवरी 11 ,2023**

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
मीरजापुर क्षेत्र,
मीरजापुर।

विषयः– जनपद–सोनभद्र के रेनुकूट वन प्रभाग में रेनुसागर से हिण्डालको संस्थान तक 132 के0वी0 विद्युत ट्रान्समिशन लाइन के निर्माण हेतु मेसर्स हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0 को 25 वर्षों (दिनांक 15.10.1996 से 14.10.2021 तक) हेतु लीज पर हस्तान्तरित 52.9666 हे0 वनभूमि के लीज को आगामी 25 वर्षों (दिनांक 15.10.2021 से 14.10.2046 तक) हेतु नवीनीकरण किये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– भारत सरकार का पत्रांक–8बी / यू0पी0 / 04 / 32 / 2022 / एफ0सी0 / 15, दिनांक 08.04.2022, इस कार्यालय का पृष्ठांकन सं0–2903 / 11–सी–FP/UP/Trans/41830/2019, दिनांक 11.04.2022 एवं आपका पत्रांक–2325 / मी0क्षे0 / 33, दिनांक 30.12.2022

महोदय,

भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में की गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण आपके उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 30.12.2022 के द्वारा इस कार्यालय को दिनांक 09.01.2023 को उपलब्ध कराया गया है, जिसके परीक्षणोपरान्त पुनः निम्न लिखित कमियों / अभिलेखों का अभाव पाया गयाः–

1. भारत सरकार की आपत्ति सं0–01 के निराकरण के क्रम में प्रस्तावित वनभूमि का संशोधित एवं सत्यापित SoI Toposheet ऑनलाइन भाग–1 में अपलोड नहीं किया गया है।
2. भारत सरकार की आपत्ति सं0–04 के निराकरण के क्रम में वृक्षारोपण हेतु चयनित अतिरिक्त 10.05 हे0 CA लैण्ड का सत्यापित SoI Toposheet, उपयुक्तता प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है। अतः संलग्न कर ऑनलाइन भाग–2 में यथास्थान पर अपलोड करें तथा 10.05 हे0 CA लैण्ड के Geo Referenced Digital Map पर जियो कोआर्डिनेटस के बिन्दु नहीं दर्शाये गये हैं। अतः जियो कोआर्डिनेटस के बिन्दु दर्शाते हुये मूल में Geo Referenced Digital Map संलग्न कर ऑनलाइन भाग–2 में यथास्थान पर अपलोड करें।
3. भारत सरकार की आपत्ति सं0–08 के निराकरण के क्रम में मुख्यतः औषधीय एवं बौने पौधों हेतु चयनित स्थल का उपयुक्तता प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है। अतः संलग्न कर ऑनलाइन भाग–2 में अपलोड करें।

अतः उपरोक्त इंगित कमियों का निराकरण कर भारत सरकार द्वारा की गयी आपत्तियों का संशोधित पूर्ण बिन्दुवार निराकरण संस्तुति सहित तीन प्रतियों में इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**संख्या– 2301 / 11–सी–FP/UP/Trans/41830/2019, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट।
2. श्री विवेक कुमार, हेड लीगल, मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0, रेनुकूट।

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

O/C

Acy-45